आकाशवाणी

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 18.01.2026

समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि देवभूमि के मूल स्वरूप को बचाए रखने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है।
- नंदा देवी राजजात यात्रा को इस साल स्थगित कर 2027 में कराने का फैसला लिया गया।
- कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी विधानसभा क्षेत्र में 617 लाख की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।
- मौनी अमावस्या के मौके पर हरिद्वार में हरकी पैड़ी समेत विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी लगायी।

-----------

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार में देव संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'ध्वज वंदन समारोह' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान श्री धामी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार देवभूमि उत्तराखंड के मूल स्वरूप को बचाए रखने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 10 हजार एकड़ से अधिक अवैध अतिक्रमण को हटाया गया है।

कार्यक्रम में केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत भी मौजूद रहे। श्री शेखावत ने कहा कि सेवा, साधना और संस्कार के त्रिवेणी संगम यह शताब्दी समारोह नवयुग का निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा।

बता दें कि हरिद्वार में गायत्री तीर्थ शांतिकुंज का शताब्दी समारोह सप्ताह भर चलेगा।

## नंदा देवी राजजात

विश्व की सबसे लंबी पैदल धार्मिक यात्रा नंदा देवी राजजात यात्रा को स्थगित कर दिया गया है। श्रीनंदा देवी राजजात समिति के अनुसार अब नंदा देवी राजजात का आयोजन वर्ष 2027 में किया जाएगा। श्रीनंदा देवी राजजात समिति के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुंवर ने चमोली में प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि हिमालयी क्षेत्र में यात्रा से जुड़े आवश्यक कार्य अब तक पूरे नहीं हो पाए हैं।

बता दें कि हर 12 वर्ष में नंदा देवी राजजात प्रदेश की आस्था और संस्कृति से जुड़ी यात्रा है। करीब 280 किलोमीटर लंबी यह यात्रा लगभग 20 दिनों तक चलती है, जिसे हिमालयी महाकुंभ के नाम से भी जाना जाता है।

जन जन की सरकार, जन जन के द्वार अभियान

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश में संचालित जन जन की सरकार, जन जन के द्वार अभियान के तहत पौडी जिले के विकासखंड द्वारिखाल की न्याय पंचायत कांडाखाल में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 469 स्थानीय लोगों ने शिविर में प्रतिभाग किया, जबकि 203 पात्र लाभार्थियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ प्रदान किया गया। इस दौरान शिविर में 55 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

## कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी विधानसभा क्षेत्र में 617 लाख की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने नागल हटनाला पेयजल योजना और मण्डी परिषद के विकास योजनाओं का लोकार्पण किया, जबकि नागल हटनाला, चालंग एवं कुल्हान क्षेत्रों में सड़कों एवं नालियों के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। इस मौके पर श्री जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार जनहित को सर्वोपरि रखते हुए मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

## मौनी अमावस्या

मौनी अमावस्या के मौके पर हरिद्वार में हरकी पैड़ी समेत गंगा के विभिन्न घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी लगायी। गंगा स्नान के लिए सुबह से ही गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ना शुरू हो गयी। मौनी अमावस्या पर गंगा स्नान के साथ ही तीर्थनगरी के आश्रम–अखाड़ों में कई धार्मिक आयोजन हुए। नारायणी शिला मंदिर के पुजारी पंडित मनोज त्रिपाठी ने बताया कि माघ माह में पड़ने वाली अमावस्या को मौनी अमावस्या कहा जाता है। कहा कि जो व्यक्ति आज के दिन अपने आसपास की नदियों में स्नान करता है, उसे कुंभ के स्नान के बराबर फल मिलता है। स्नान पर्व को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

## सांसद खेलकूद प्रतियोगिता

रुद्रपुर में सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महिला वर्ग कबड्डी, वॉलीबाल और गोली कंचा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर अर्जुन अवार्डी मनोज सरकार ने शिरकत की। अर्जुन अवार्डी मनोज सरकार ने कहा कि सरकार की अच्छी पहल है, इससे खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा और दूर दराज की खरल प्रतिभाओं को निखरने का मौका मिलेगा।

## टिहरी

टिहरी जिले के भिलंगना विकास खंड के ग्राम पंचायत मल्ड़ में ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने के उद्देश्य से लगभग 10 लाख रुपये की लागत से फूलों की आधुनिक नर्सरी का निर्माण किया गया है। इस नर्सरी का निर्माण ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना एवं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के सहयोग से किया गया है।

नर्सरी में विभिन्न प्रजातियों के मौसमी एवं सजावटी फूलों का उत्पादन किया जाएगा, जिससे स्थानीय किसानों और स्वयं सहायता समूहों को स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे। जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने नर्सरी का निरीक्षण करने के बाद कहा कि इसके माध्यम से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा।

## उत्तरकाशी

माघ मेला बाड़ाहाट कु थौलू के अवसर पर पीएम श्री राईका कीर्ति उत्तरकाशी में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हो गया है। खेल प्रतियोगिताओं में वॉलीबॉल में पुरुष एवं महिला वर्ग की ओपन प्रतियोगिता तथा अंडर–19 कबड्डी,जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़, टेबल टेनिस और 50 वर्ष से ऊपर आयु के लोगों के लिए 100 मीटर की दौड़ का आयोजन मुख्य आकर्षण के रूप में इस आयोजन में रहेंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष रमेश चौहान ने कहा कि आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी के साथ मैदान में खेल प्रतियोगिताओं के साथ मनोरंजन किया जाना भी आवश्यक है।

## यातायात जागरूकता रैली

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर 36वें सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत कोटद्वार में यातायात जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य आमजन को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना रहा।

यातायात निरीक्षक संदीप तोमर ने बताया कि रैली के माध्यम से यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों एवं स्थानीय नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग, नशे में वाहन न चलाने तथा सुरक्षित गति अपनाने की अपील की गई। इसके साथ ही शहर के प्रमुख चौराहों पर यातायात नियमों से संबंधित फ्लैक्स होर्डिंग लगाए गए और जागरूकता पंपलेट व बैनर वितरित किए गए।

............